आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 मई 2026 सान्ध्य समाचार

गुजरात के विश्व प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के पचहत्तर वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आठ मई से आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के मुख्य कार्यक्रम में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमनाथ महादेव मंदिर में विशेष महापूजा की। उन्होंने सोमनाथ मंदिर के शिखर पर कुंभाभिषेक किया। श्री मोदी ध्वजारोहण समारोह में भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्य समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सोमनाथ मंदिर अटूट आस्था, दिव्यता और देश की शाश्वत आत्मा का प्रतीक है।

यहां देख रहा हूं विनाश में सृजन के संकल्प को, जिसे सोमनाथ ने चरितार्थ किया है। मैं यहां देख रहा हूं, असत्य पर सत्य की विजय को, जिसे प्रभास पाटन ने बार–बार जिया है। मैं यहां देख रहा हूं हजारों वर्षों की अध्यात्मिक चेतना को, जिसने मानव मात्र के कल्याण की सीख समूचे विश्व को दी है। मैं यहां देख रहा हूं भारत के उस अविनाशी स्वरूप को जिसे सदियों के कुत्सित प्रयास भी न मिटा सके, न हरा सके।

उधर, सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अवसर पर आज वाराणसी में सोमनाथ संकल्प महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमनाथ से आए जल से काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक किया।

इसके बाद उन्होंने सोमनाथ मंदिर गुजरात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति वाले मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हम सभी एक भारत–श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार होते देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति पर आक्रमण तो हो सकते हैं लेकिन उसे पराजित नहीं किया जा सकता।

जिन्होंने सनातन को मिटाने का प्रयास किया,आज वह स्वयं मिट्टी में मिल चुके हैं,आज उन आक्रांताओ का नाम लेने वाला कोई नही है, लेकिन काशी विश्वनाथ धाम हो या सोमनाथ महादेव का मंदिर ये दोनों भारत के गौरव का प्रतीक बनकर के भारत के स्वाभिमान की गाथा को आगे बढ़ा रहे हैं।

****

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा है कि सरकार विश्वविद्यालयों की तर्ज पर डिग्री कॉलेजों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की रैंकिंग दिलाने की दिशा में काम करेगी। इसके लिए डिग्री कॉलेजों के प्राचार्यो की कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। विधानसभा परिसर में आज पत्रकारों से बातचीत करते हुए उच्च शिक्षा मंत्री ने बताया कि कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने, नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम विकसित करने और रोजगारपरक शिक्षा को बढावा देने पर सरकार का विशेष जोर है।

****

केंद्र सरकार ने विकसित भारत जी राम जी– गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन–ग्रामीण अधिनियम, दो हजार पच्चीस के क्रियान्वयन के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। यह अधिनियम इस वर्ष पहली जुलाई से देशभर में लागू हो जाएगा। एक रिपोर्ट–

विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, बीस साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 की जगह लेगा। इस नए अधिनियम का उद्देश्य, एक वित्तीय वर्ष में रोजगार गारंटी को सौ दिनों से बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन करना है। इसके अलावा यह अधिनियम समय पर मजदूरी के साथ–साथ पारदर्शी और जवाबदेह भुगतान पर जोर देता है। यदि निर्धारित समय के भीतर किसी को काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो इस नए अधिनियम में बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, रोजगार के नए अवसर पैदा करने और गांव के समग्र और सतत विकास को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

****

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेट्रोल–डीजल की बचत से जुड़ी अपील पर लोगों से ध्यान देने को कहा है। पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए नई दिल्ली से उन्होंने ईंधन बचत के जरिये देश के आर्थिक बोझ को कम करने पर विशेष जोर दिया।

मैं आप लोगों से कहना चाहूंगी कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश सभी लोगों से आग्रह किया है कि पेट्रोल और डीजल की खपत कम करें, जहां भी संभव को मैट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। कार पूलिंग का विकल्प चुनें। रेलवे एज मोड ऑफ ट्रॉस्पोटेसन फॉर गुड्स को प्रेफर करें और जहां भी संभव हो इलेक्ट्रीक वाहनों का उपयोग बढ़ायें आईये हमसब मिलकर हम अपने दैनिक उपयोग में ऊर्जा को बचाने के लिए हर संभव प्रयत्न करें ताकि देश पर पड़ रहे आर्थिक भार को कम किया जा सके।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी जिलों में कल और तेरह मई को कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जतायी है।

****